## प्रथम प्रश्न–पत्र

## सामान्य अध्ययन

1. मध्यप्रदेश शासन की "मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना" के लिये आयु सीमा क्या है ?
   (A) 18 से 40 वर्ष के मध्य
   (B) 18 से 45 वर्ष के मध्य
   (C) 18 से 50 वर्ष के मध्य
   (D) कोई आयु सीमा नहीं

2. डॉ. शंकर दयाल शर्मा भारत के ______ राष्ट्रपति थे।
   (A) सातवें
   (B) आठवें
   (C) नौवें
   (D) छ:टे

3. निम्नलिखित में से किसे वर्ष 2023 का निशानेबाजी के लिये अर्जुन पुरस्कार प्राप्त हुआ है ?
   (A) आर. वैशाली
   (B) ईशा सिंह
   (C) पिंकी
   (D) दिव्यकृति सिंह

4. नेटवर्क ट्रॉफिक को गुप्त रूप से पकड़ने और उसका विश्लेषण करने की प्रक्रिया को कहा जाता है
   (A) स्पूफिंग
   (B) इव्ज ड्रॉपिंग
   (C) स्नूपिंग
   (D) डिनायल ऑफ सर्विस

5. क्रेडिट या डेबिट कार्ड को निम्नलिखित में से यह भी कहा जाता है
   (A) डिजिटल मनी
   (B) प्लास्टिक मनी
   (C) प्लास्टिक करंसी नोट
   (D) डिजिटल करंसी नोट

6. अनस्ट्रक्चर्ड सप्लिमेंट्री सर्विस डाटा (USSD) पर आधारित मोबाइल बैंकिंग करने के लिए निम्नलिखित में से न्यूनतम किसकी आवश्यकता होती है ?
   (A) इंटरनेट डेटा सुविधा के बिना एक बुनियादी सुविधा वाला मोबाइल फोन
   (B) बिना इन्टरनेट डेटा सुविधा वाला स्मार्टफोन
   (C) इंटरनेट डेटा सुविधा वाला एक बुनियादी सुविधा वाला मोबाइल फोन
   (D) इंटरनेट डेटा सुविधा वाला स्मार्टफोन

7. तोमर वंश का संस्थापक कौन था ?
   (A) श्रीधर वर्मन
   (B) विक्रम देव
   (C) वीरसिंह देव
   (D) गोपाल देव

8. किसने रामकथा पर आधारित "आनंद रघुनंदन" नामक नाटक का लेखन किया है ?
   (A) विश्वनाथ सिंह
   (B) राजशेखर
   (C) उमेश कुमार
   (D) मदन भटनागर

9. घैला और बीदड़ी त्यौहार किस जनजाति के द्वारा मनाया जाता है ?
   (A) गोंड
   (B) भील
   (C) सन्थाल
   (D) प्रधान



Scanned with CamScanner

10. "सतपुड़ा के जंगल" के लेखक कौन है ?

(A) सुभद्रा कुमारी चौहान

(B) केशव प्रसाद पाठक

(C) नर्मदा प्रसाद खरे

(D) भवानी प्रसाद मिश्र

11. पिछले दशक में मध्यप्रदेश में कृषि की उच्च विकास दर में किस कारक का योगदान **नहीं** रहा ?

(A) शहरी बुनियादी ढाँचे का विस्तार

(B) सिंचाई के बुनियादी ढाँचे का निर्माण

(C) खेती के लिए बिजली का उपलब्धता सुनिश्चित करना

(D) ग्रामीण सड़क नेटवर्क और मजबूत खरीदतंत्र का विस्तार

12. कौन-सा कानून अनुसूचित क्षेत्रों में ग्राम सभाओं को प्राकृतिक संसाधनों के प्रबंधन के लिए सशक्त बनाता है ?

(A) वन अधिकार अधिनियम

(B) पेसा (PESA)

(C) अनुसूचित जनजाति और अन्य पारम्परिक वननिवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम

(D) इनमें से कोई नहीं

13. मध्यप्रदेश की चतुर्थ विधानसभा के अध्यक्ष कौन थे ?

(A) गुलशेर अहमद

(B) मुकुन्द सखाराम नेवालकर

(C) तेजलाल टेंभरे

(D) काशी प्रसाद पाण्डे

14. राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस योजना (NeGP) किसके द्वारा तैयार की गई है ?

(A) भारत सरकार की सूचना प्रौद्योगिकी विभाग और वाणिज्य विभाग

(B) भारत सरकार के वाणिज्य विभाग और विदेश विभाग

(C) भारत सरकार के प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग और कानून एवं न्याय विभाग

(D) भारत सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी विभाग और प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग

15. भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण की वेबसाइट पर पहुँचने के लिए निम्नलिखित में से किसका उपयोग किया जा सकता है ?

(A) https://uidai.gov.in

(B) https://uiai.gov.in

(C) https://uiaoi.gov.in

(D) https://udia.gov.in

16. एक टेक्स्ट फाईल जिसमें सूचनाओं की एक स्ट्रिंग होती है जो आपके कम्प्यूटर की हार्डडिस्क पर ब्राउजिंग जानकारी संग्रहित करती है, कहलाती है

(A) कुकी

(B) यू.आर.एल.

(C) डी.एन.एस.

(D) प्लग-इन



Scanned with CamScanner

17. निम्न में से किस पर्यटन स्थल से वराह की प्रतिमा प्राप्त होती है ?
(A) भोजपुर
(B) नेवड़ी
(C) असापुरी
(D) रजवाड़ा

18. 'पत्थुवर्धन' जिसने गुर्जर प्रदेश जीता था किस वंश का शासक था ?
(A) राजर्षितुल्य वंश
(B) औलिकर वंश
(C) वर्धन वंश
(D) शैल वंश

19. प्राचीनकाल में 'दहाल' का क्षेत्र कहाँ पर स्थित था ?
(A) बैतूल
(B) जबलपुर
(C) खण्डवा
(D) मंदसौर

20. मध्यप्रदेश की किस विभूति को वर्ष 2023 के पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया है ?
(A) श्री रमेश परमार
(B) डॉ. मुनीश्वर चन्द्र डावर
(C) श्रीमती शांति परमार
(D) उपरोक्त सभी

21. माधव राष्ट्रीय उद्यान मध्यप्रदेश के किस जिले में स्थित है ?
(A) छतरपुर
(B) शिवपुरी
(C) होशंगाबाद
(D) सिंगरोली

22. माउन्ट एवरेस्ट फतह करने वाली मध्यप्रदेश की प्रथम महिला कौन है ?
(A) भावना ढेरिया
(B) मेघा परमार
(C) ज्योति रात्रे
(D) संतोष यादव

23. सोलहवीं लोक सभा के अध्यक्ष का नाम क्या है ?
(A) मीरा कुमार
(B) सुमित्रा महाजन
(C) ओम बिरला
(D) मनोहर जोशी

24. 1857 ई. की "रानी अवन्ती बाई" का संबंध किस स्थान से था ?
(A) राजगढ
(B) सोहागपुर
(C) रामगढ
(D) शाहगढ

25. केशवदास ने महाराजा इन्द्रजीत सिंह की पतिव्रता गणिका रायप्रवीण की शिक्षा देने के लिए किस ग्रंथ की रचना की थी ?
(A) नखशिख
(B) रतनबावनी
(C) रसिकप्रिया
(D) कविप्रिया

26. बुन्देलखण्ड में तीन प्रसिद्ध कवि "वृहदलयी" के नाम से विख्यात है । निम्न में कौन इसमें शामिल नहीं है ?
(A) ईसुरी
(B) गंगाधर
(C) गुणसागर
(D) ख्यालराम



Scanned with CamScanner

27. निम्नलिखित में से कौन-सा हार्डवेयर **नहीं** है ?

(A) की बोर्ड

(B) डिवाइस ड्रायवर

(C) सी.पी.यू.

(D) मॉनिटर

28. एक बाइट बराबर है

(A) एक निबल

(B) दो निबल

(C) तीन निबल

(D) चार निबल

29. कृत्रिम बुद्धिमत्ता के कौन-से उपतंत्रों में ऐसे एल्गोरिदम शामिल है, जो स्वयं सीखने और भविष्यवाणियाँ करने के लिए डेटा का उपयोग करते हैं ?

(A) बिग डाटा

(B) मशीन लर्निंग

(C) क्लाउड कम्प्यूटिंग

(D) ट्यूरिंग मशीन

30. हैकिंग, फिशिंग ईमेल भेजना, रेनसमवेयर किसके उदाहरण है ?

(A) ऑनलाइन बैंकिंग सेवाएँ

(B) ऑनलाइन व्यापार गतिविधियाँ

(C) सायबर क्राइम गतिविधियाँ

(D) सरकार की ऑनलाइन सेवाएँ

31. **कथन (a)** : मध्यप्रदेश के उत्तर पश्चिमी भाग प कटीलें वन एवं झाडियाँ पायी जाती हैं ।
**कारण (r)** : मध्यप्रदेश का पश्चिमोत्तर भाग अर्ध- जलवायु का क्षेत्र हैं ।
निम्नलिखित कूट की सहायता से सही उत्तर चुनिए :

(A) a और r दोनों सही हैं और r, a का सही स्पष्टीकरण हैं

(B) a और r दोनों सही हैं परन्तु r, a का सही स्पष्टीकरण नहीं हैं

(C) a सही हैं परन्तु r गलत हैं

(D) a गलत हैं परन्तु r सही हैं

32. विन्ध्याचल श्रेणी के विषय में निम्नांकित में से क्या सही **नहीं** हैं ?

(A) यह गंगा और नर्मदा अपवाह तंत्रों की जल विभाजक हैं

(B) यह एक क्रमबद्ध ऊंची श्रेणी के रूप में नहीं हैं

(C) यह श्रेणी पूरी लम्बाई में विन्ध्यन शैलों से बनी हैं

(D) इसका दक्षिणी ढाल तीव्र हैं

33. मध्यप्रदेश के शीतलपानी, गिधरी, धोर्ली एवं जट्टा निम्नलिखित में से किस खनिज से संबंधित हैं ?

(A) बाक्साइट

(B) मैंगनीज़

(C) चूना पत्थर

(D) ताँबा

34. जनवरी के माह में मध्यप्रदेश के निम्नांकित में से किस भाग में औसत तापमान अन्य क्षेत्रों की अपेक्षा अधिक होता हैं ?

(A) उत्तरी भाग

(B) पूर्वी भाग

(C) दक्षिणी भाग

(D) पश्चिमी भाग



Scanned with CamScanner

35. मध्यप्रदेश में 'एक जिला, एक उत्पाद (ओडीओपी)' पहल का उद्देश्य क्या है ?

(A) कृषि प्रसंस्करण और बाजार विकास को प्रोत्साहित करना

(B) ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों का सृजन करना

(C) (A) व (B) दोनों

(D) इनमें से कोई नहीं

36. स्थिर मूल्यों (वर्ष 2011-12) के आधार पर वर्ष 2022-23 में मध्यप्रदेश में प्रति व्यक्ति शुद्ध आय (अग्रिम अनुमान) कितनी रही ?

(A) 61,534 रुपयें

(B) 65,023 रुपयें

(C) 1,21,594 रुपयें

(D) 1,40,583 रुपयें

37. नवाचार-संचालित उद्यमशीलता संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए मध्यप्रदेश सरकार ने __________ लाँच की है ।

(A) नवीकरणीय उर्जा नीति 2022

(B) औद्योगिक प्रोत्साहन नीति 2021

(C) एमएसएमई विकास नीति 2021

(D) मध्यप्रदेश स्टार्टअॅप नीति 2022

38. मध्यप्रदेश के निम्नांकित कोयला क्षेत्रों के युग्मों में से किस युग्म में अद्धिकोककर कोयले का भंडार पाया जाता है ?

(A) सिंगरौली – उमरिया

(B) पेंच कन्हान – पार्थखेड़ा

(C) सोहागपुर – पेंच कन्हान

(D) सिंगरौली – सोहागपुर

39. मध्यप्रदेश में ग्रीष्म ऋतु में निम्नलिखित में से कौन-सी विशेषता नहीं पायी जाती हैं ?

(A) हवाएँ उत्तर-पश्चिम से दक्षिण-पूर्व की ओर प्रवाहित होती हैं

(B) ग्रीष्म-ऋतु में धूल भरी आँधियाँ चलती हैं

(C) मार्च के बाद से तापमान में वृद्धि होने लगती हैं

(D) अप्रैल एवं मई में आंद्रता सामान्यत: कम होती हैं

40. बीला बाँध निम्नलिखित में से किस जिले में स्थित है ?

(A) निवाड़ी

(B) टीकमगढ़

(C) सागर

(D) छतरपुर

41. संत रविदास ग्लोबल स्किल पार्क की स्थापना के लिए किस देश ने मध्यप्रदेश सरकार के साथ सहयोग किया ?

(A) जापान

(B) सिंगापुर

(C) चीन

(D) संयुक्त राज्य अमेरिका

42. मध्यप्रदेश में 'डॉ. भीमराव अम्बेडकर आर्थिक कल्याण योजना' किस वर्ष प्रारंभ की गई थी ?

(A) 2021

(B) 2018

(C) 2019

(D) 2022



Scanned with CamScanner

43. वर्ष 2001 से 2011 के बीच मध्यप्रदेश में ग्रामीण-शहरी जनसंख्या संरचना के प्रतिशत में किस प्रकार का परिवर्तन हुआ ?

(A) ग्रामीण जनसंख्या का प्रतिशत घट गया और शहरी जनसंख्या का प्रतिशत बढ़ गया

(B) ग्रामीण जनसंख्या का प्रतिशत बढ़ा और शहरी जनसंख्या का प्रतिशत घटा

(C) ग्रामीण तथा शहरी जनसंख्या के प्रतिशत में कमी आई

(D) ग्रामीण तथा शहरी जनसंख्या के प्रतिशत में कोई परिवर्तन नहीं हुआ

44. 2011 की जनगणना के अनुसार, मध्यप्रदेश में किस संभाग में शहरी जनसंख्या का प्रतिशत सर्वाधिक था ?

(A) उज्जैन संभाग

(B) भोपाल संभाग

(C) इन्दौर संभाग

(D) ग्वालियर संभाग

45. मध्यप्रदेश ओलम्पिक संघ का कार्यालय किस शहर में स्थित है ?

(A) भोपाल

(B) इंदौर

(C) ग्वालियर

(D) जबलपुर

46. वर्ष 2023 की स्वच्छता रैंकिंग में इन्दौर के साथ संयुक्त विजेता रहे शहर का नाम क्या है ?

(A) नवी मुम्बई

(B) विजयवाड़ा

(C) तिरुपति

(D) सूरत

47. मध्यप्रदेश शासन की लाडली लक्ष्मी योजना का लाभार्थी वर्ग है

(A) सामान्य वर्ग की बालिका

(B) अन्य पिछड़ी जाति की बालिका

(C) अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति की बालिका

(D) उपरोक्त सभी

48. मध्यप्रदेश में बाक्साइट के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं हैं ?

(A) बाक्साइट एल्युमीनियम धातु का अयस्क है

(B) उत्तम कोटि का बाक्साइट मैकल पठार में संचित हैं

(C) बैहर पठार बाक्साइट भण्डार के लिए प्रसिद्ध है

(D) वर्ष 2021-22 में बाक्साइट उत्पादन में यह राज्य देश में प्रथम स्थान पर था

49. मध्यप्रदेश में ग्रिड से सम्बद्ध गैर-पारम्पारिक ऊर्जा के स्रोतों की 31 मार्च 2018 को स्थापित क्षमता में सबसे आगे कौन-सा स्रोत रहा ?

(A) पवन ऊर्जा

(B) बायोमास ऊर्जा

(C) लघु जलविद्युत ऊर्जा

(D) सौर ऊर्जा

50. मध्यप्रदेश की निम्नांकित में से कौन-सी सिंचाई परियोजना नर्मदा बेसिन से बाहर की है ?

(A) बारना परियोजना

(B) संजय सरोवर परियोजना

(C) सुक्ता परियोजना

(D) मान परियोजना



Scanned with CamScanner